>

Title: Need to construct railway overbridge on level crossing No. 249 C near Sandila Railway Station in Hardoi district, Uttar Pradesh-Laid.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मैं सरकार को अवगत कराना चाहूंगा कि प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, अनुभाग-11, उ0प्र0 शासन, लखनऊ ने पत्र संख्या 364/2020/218आर./23.11.2020-1/2(144)/2020, दिनांक 15 दिसम्बर, 2020 के माध्यम से मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जनपद हरदोई में सण्डीला रेलवे स्टेशन के निकट स्थित रेलवे समपार संख्या 249-सी पर रेल उपरगामी सेतु को रेलवे वर्क्स कार्यक्रम में सम्मिलित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण हेतु रेलवे की सहमति एवं लागत में सहभागिता के संबंध में राज्य सरकार को अवगत कराए जाने हेतु अनुरोध करते हुए सभी मुद्दों पर सहमति प्रदान की जा चुकी है । लेकिन अभी भी इस कार्य में शिथिलता हो रही है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत किए गए उपरोक्त रेलवे ऊपरी पुल, जिसके निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा सहमति प्रदान की जा चुकी है, को रेल मंत्रालय और राज्य सरकार के कोर्डिनेशन से शीघ्र करवाए जाने हेतु समुचित कदम उठाए ।